भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3108

जिसका उत्तर 21.12.2023 को दिया जाना है

तमिलनाडु में परियोजना

3108. श्री पी.सी. मोहन:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही भारतमाला परियोजना के अंतर्गत तमिलनाडु में तुमकुरु रोड, बल्लारी रोड, ओल्ड मद्रास रोड और होसुर रोड को जोड़ने वाली नई अनुमोदित की गई 65 किमी. सड़क परियोजना की स्थिति क्या है; और

(ख) भूमि अधिग्रहण, सविधाओं के स्थानांतरण, स्थल की स्थितियों के कारण मात्रा में भिन्नता और किन्हीं अन्य कारणों से लागत में संभावित वृद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) भारतमाला परियोजना के तहत प्रस्तावित बैंगलोर रिंग रोड (एसटीआरआर, चरण-I) एनएच-948ए कर्नाटक और तमिलनाडु राज्य से होकर गुजरता है। तमिलनाडु में, लंबाई 45 कि. मी. है, जिसमें से 35.76 कि. मी. 16.05.2025 पर निर्धारित संशोधित पूर्णता तिथि के साथ कार्यान्वयन के अधीन है।

(ख) भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकरण (सी. ए. एल. ए.) द्वारा पारित वास्तविक अधिनिर्णय के अनुसार स्वीकृत भूमि अधिग्रहण लागत में 125 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है।

*****